# प्रभु का जिसने भरोसा किया | By Kumaar Deepak

प्रभु का है जिसने भरोसा किया
तूफानों में भी जलता उसका दिया
दर दर क्यों भटके अरे बावरे
आजा शरण में सहारा मिलेगा तुझे श्याम से

पकड़ ले तू प्यारे डगर श्याम की
शरण में तू आये अगर श्याम की
ये किस्मत तुम्हारी संवर जायेगी
होगी दया की नज़र श्याम की
बड़ा ही दयालु है दातार है
ना दूजा कोई ऐसा दरबार है
दर दर क्यों भटके अरे बावरे
जो खोया है तूने दोबारा मिलेगा तुझे श्याम से
प्रभु का है जिसने भरोसा किया ...........

जहाँ ज्योत बाबा की है जल रही
वहां रौशनी श्याम से मिल रही
बड़ा ही सुखी उसका संसार है
बगिया वहां प्यार की खिल रही
ये ज्योति हमेशा जगाया करो
प्रभु नाम को गुनगुनाया करो
दर दर क्यों भटके अरे बावरे
क्या करना है उसका इशारा मिलेगा तुझे श्याम से
प्रभु का है जिसने भरोसा किया ...........

जो सर पे तेरे श्याम का हाथ है
तो डरने की कोई भी ना बात है
मंज़िल मिलेगी तुझे एक दिन
पग पग पे तेरे प्रभु साथ है
बिन्नू कभी ना रुके ये कदम
तो मुरली बजाते मिलेंगे सनम
दर दर क्यों भटके अरे बावरे
अँखियों को सुन्दर मिलेगा तुझे श्याम से
प्रभु का है जिसने भरोसा किया ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%bf%e0%a4%b8%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-k/